卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 168 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦29 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# बाबा तरसेम सिंह के अंतिम संस्कार में उमड़ा जनसैलाब

## कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ अंतिम संस्कार, आस पास और दूर दराज से हजारों की संख्या में पहुंची संगत







नानकमत्ता( उद संवाददाता)। धार्मिक डेरा कार सेवा के बाबा तरसेम सिंह के अंतिम संस्कार में आस पास एवं दूर दराज से संगत का जन सैलाब उमड़ पड़ा। गमगीन माहौल में डेरा कार सेवा में उनके अंतिम दर्शन करने के बाद पुलिस की कड़ी सुरक्षा में दूध वाले कुएं के समीप उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान हजारों की तादात मे आई संगत की आंखें नम हो गई। गौरतलब है कि गुरूवार की प्रात: करीब साढ़ छह बजे धार्मिक डेरा कार सेवा के बाबा तरसेम सिंह की डेरे में ही बाइक सवार दो बदमाशों ने राइफल से गोली मारकर हत्या कर दी थी। दिवंगत कार सेवा बाबा का पार्थिव शरीर उनके अंतिम दर्शनों के लिए डेरा कार सेवा में रखा गया था, जहां दूरदराज से हजारों की संख्या में आई संगत ने उनके अंतिम दर्शन कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम दर्शन करने के बाद पुलिस की कड़ी सुरक्षा में बाबा तरसेम सिंह का अंतिम संस्कार दूध वाले कुआं के समीप किया गया। जहां कार सेवा बाबा की चिता को मुखाग्नि कार सेवा के बाबा बचन सिंह ने दी। अंतिम संस्कार के दौरान आस पास व दूर-दराज से आई संगत की आंखें नम हो गई। अंतिम संस्कार के बाद डेरा कार सेवा में अटूट लंगर भी बरता गया। इस मौके परबाबा श्याम सिंह, दिलबाग सिंह, बाबा सतनाम सिंह बाबा श्याम सिंह, बाबा लखबीर सिंह, दारा सिंह,नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक गोपाल सिंह राणा,विधायक शिव अरोड़ा,पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, पूर्व विधायक नारायण पाल, राजपाल सिंह आदि मौजूद थे।

# डीजीपी ने लिया घटनास्थल का जायजा





नानकमत्ता(उद संवाददाता)। डेरा कार सेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की हत्या के बाद उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर घटना का स्थल का जायजा लिया और पुलिस अधिकारियों को जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए। डीजीपी अभिनव कुमार दोपहर नानक सागर हेलीपैड उतरे। जहां से सीधे डेरा कार सेवा पहुंचे। यहां उन्होंने घटना स्थल पर पहुंचकर एसपी डॉक्टर मंजूनाथ टीसी से पूरी घटना की जानकारी ली। उन्होंने अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस द्वारा किए जा रही कार्रवाई पूरी कार्रवाई का अपडेट भी लिया। डीजीपी ने एसएसपी और थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव नानकमत्ता से भी घटना के बाद हथियारों की गिरफ्तारी की कार्रवाई के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि घटना बड़ी है जो सनसनी के साथ संवेदनशील भी है। डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि घटना में जिन लोगों का भी हाथ है उन्हें बेनकाब किया जाये।

# शूटरों की हुई पहचान,दोनों हिस्ट्रीशीटर

## एक पंजाब और दूसरा बहेड़ी का, पुलिस जल्द करेगी खुलासा

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। डेरा कारसेवा नानकमत्ता के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या करने वाले दोनों बदमाशों की पुलिस ने पहचान कर ली है। हत्याकाण्ड को अंजाम देने वाले दोनों ही बदमाश हिस्ट्रीशीटर हैं। इनमें से एक पंजाब के तरनतारन का और दूसरा बहेड़ी का है। दोनों की तलाश में पुलिस, एसओजी, एसटीएफ, एएनटीएफ की कई टीमें लगायी है। एसएसपी ने दावा है किया है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जायेगा। बता दें बुधवार को बाइक सवार



दो बदमाशों ने डेरा कारसेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की सुबह एके 47 से गोली मारकर हत्या कर दी थी। बदमाश पिछले दस दिनों से गुरूद्वारे की सराय में ठहरे थे, उन्होंने सुनियोजित होकर पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया। हत्यारों ने वारदात को अंजाम देने के लिए बाइक का प्रयोग किया (शेष पृष्ठ सात पर)

**मकान बिकाऊ**

वनखंडी कालोनी,फुलसुंगा रूद्रपुर में 30 x 60 में बना एक मकान (दो दुकानें, आठ कमरे) बिकाऊ है।

-संपर्क करें-

9012749183

# हत्या के बाद सोशल मीडिया पर ली मर्डर की जिम्मेदारी

**वायरल पोस्ट में डेरा प्रमुख से खुन्नस का किया खुलासा**

नानकमत्ता।नानकमत्ता के डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या के कुछ ही घंटे के बाद सोशल मीडिया पर संदिग्ध ने मर्डर की जिम्मेदारी लेकर पुलिस को चुनौती दे डाली है। आरोपी ने डेरा प्रमुख की हत्या के पीछे संदिग्ध ने पूर्व में खुन्नस का हवाला दिया है। हालांकि संदिग्ध की वायरल पोस्ट हत्या के असल मकसद को भटकाना भी हो सकता है। पुलिस ने सोशल मीडिया में अपलोड की गई पोस्ट की पुष्टि नहीं की है । गुरुवार की तड़के नानकमत्ता गुरुद्वारा साहिब की संस्था डेरा कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की परिसर में घुसकर दो बाइक सवार बदमाशों ने निर्मम हत्या कर दी थी हत्याकांड के बाद प्रदेश में हड़कम्प मच गया है पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)

# गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष समेत पांच पर केस





नानकमत्ता (उद संवाददाता)।डेरा कार सेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के मामले में तहरीर के आधार गुरूद्वारा प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष समेत पांच लोगों पर हत्या का केस दर्ज किया गया है। बता दें जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की गुरूवार प्रात: दो बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मामले में नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री नानकमत्ता साहिब के अध्यक्ष और पूर्व आईएएस हरबंस सिंह चुघ, तराई महासभा के अध्यक्ष प्रीतम सिंह संधू, नवाबगंज यूपी डेरे के बाबा अनूप सिंह, शामिल है। सेवादार जसवीर सिंह पुत्र हरवंश सिंह निवासी ग्राम चारूबेटा मुडेली खटीमा की ओर से दी गयी तहरीर में कहा गया है कि डेरा प्रमुख जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह गुरूवार को डेरा परिसर में लंगरहाल के बाहर अहाते में सुबह कुर्सी पर बैठे हुए थे तथा डेरे में संबंधित कार्यों को निपटा रहे थे। तभी करीब सवा छह बजे प्रात: एक काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर दो सिख व्यक्ति डेरे के अहाते में मुख्य द्वार से दाखिल हुए। पीछे बैठे व्यक्ति के हाथ में स्वचालित राइफल जैसा हथियार था। बाबा तरसेम सिंह के नजदीक आते ही पीछे बैठे व्यक्ति ने सामने से बाबा जी को गोली मार दी। बाबा जी कुर्सी से उठकर खड़े होकर घूमें तो मोटरसाइकिल को कुर्सी के पीछे से घुमाते हुए दो गोलियां और मार दी। मोटर साइकिल को रोके बिना उक्त लोग दक्षिण दिशा को भाग (शेष पृष्ठ सात पर)

# लालकुंआ में कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने छोड़ी पार्टी



लालकुआं(उद संवाददाता)। नगर कांग्रेस के अध्यक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सरदार गुरदीप सिंह ने कांग्रेस पार्टी को अलविदा कह दिया है, उन्होंने जिलाध्यक्ष को भेजे गए त्यागपत्र में पद एवं पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने की घोषणा की है। (शेष पृष्ठ सात पर)

# पत्नी से झगड़े के बाद पति फांसी पर झूला



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सम्पत्ति विवाद को लेकर पत्नी से आये दिन होने वाले झगड़े से तंग आकर एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम बल्ली थाना शीशगढ़ बरेली निवासी 25 वर्षीय ज्ञान प्रकाश पुत्र रामस्वरूप यहां लोकविहार कालोनी में परिवार के साथ किरायेदार के रूप में रहता था। सम्पत्ति विवाद को लेकर उसका पत्नी अनीता से आये दिन झगड़ा होता रहता था। अनीता बच्चों सहित 19 मार्च को अपने मायके ग्राम मल्लपुर थाना भोजीपुरा बरेली गई थी। उसकी गैर मौजूदगी में एक अन्य महिला ज्ञान प्रकाश के साथ उसके घर रह रही थी। गत दोपहर ज्ञान प्रकाश ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और परिजनों से आवश्यक जानकारी लेने के बाद शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की माता ने बताया कि उसके पुत्र ज्ञानप्रकाश ने करीब 10 वर्ष पूर्व अनीता से प्रेम विवाह किया था। अनीता की यह पांचवीं शादी थी। अब उसके दो पुत्र व एक पुत्री है। अनीता का हमेशा पुत्र ज्ञानप्रकाश से सम्पत्ति को लेकर विवाद चलता रहता था। जिस कारण (शेष पृष्ठ सात पर)

# सेंचुरी पेपर मिल के सीईओ का हार्ट अटैक से निधन



लालकुआँ (उद संवाददाता)।सेंचुरी पेपर मिल के सीईओ विजय कोल का ह्रदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। वह 70 वर्ष के थे। उनके निधन से सेंचुरी मिल कर्मचारियों में शोक की लहर है। मिल कर्मचारी व परिजन उनके शव को लेकर बड़ोदरा के लिए रवाना हो गए है। जानकारी के अनुसार सेंचुरी पेपर मिल के आदित्य बिरला ग्रुप में आने के बाद विजय कोल को सेंचुरी पेपर मिल का सीईओ तैनात किया गया था। दो वर्ष में उन्होंने मिल में तमाम अमूल चूल परिवर्तन किए थे। गुरूवार को उनकी तबियत बिगड़ गयी। उन्होंने गुरुवार की देर रात रुद्रपुर के मेडिसिटी अस्पताल में अंतिम सांस ली। जिससे उनके परिवार में कोहराम मच गया और मिल कर्मियों में भी (शेष पृष्ठ सात पर)

# सात प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज

## जांच के बाद अब पांच सीटों पर चुनाव मैदान में 56 उम्मीदवार, कल मिलेंगे चुनाव चिन्ह



देहरादून(उद संवाददाता)। नामांकनपत्रों की जांच के बाद हरिद्वार लोकसभा में सात नामांकन खारिज हो गए हैं। अब 63 में से 56 प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए हैं। इन सभी के पास 30 मार्च तक नाम वापसी का मौका है। उधर, प्रदेश में सर्विस मतदाताओं की वोटर लिस्ट तैयार हो गई है, जिसमें मतदाताओं की संख्या में कमी आई है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री विजय कुमार जोगदंडे ने आज सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग कर करते हुए लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के संबंध में विभिन्न जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि राज्य में लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए जांच के बाद जो नामांकन वैध पाये गए हैं। उनमें टिहरी लोक सभा सीट में 11, गढ़वाल लोकसभा सीट में 13, अल्मोड़ा लोकसभा सीट में 08, नैनीताल लोकसभा सीट में 10 और हरिद्वार लोकसभा सीट में 14 नामांकन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हरिद्वार लोक सभा क्षेत्र में तकनीकी कारणों से 07 नामांकन पत्र खारिज किए गए हैं। वैध पाये गए नामांकन में यदि कोई प्रत्याशी नाम वापस लेना चाहते हैं, तो 30 मार्च 2024 दोपहर 03 बजे तक नाम वापसी के लिए आवेदन कर सकते हैं। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सर्विस वोटर के लिए राज्य में जो आवेदन प्राप्त हुए थे, उनके निर्वाचक नामावलियां तैयार हो गई हैं, इसके आधार पर 93,187 सर्विस वोटर दर्ज हुए हैं, जिनमें 90, 554 पुरूष एवं 2,633 महिला सर्विस वोटर शामिल हैं। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जम्मू और कश्मीर के माइग्रेंट वोटर्स भी अपना पोस्टल बैलेट के लिए फॉर्म जमा कर सकते हैं। उसका प्रारूप फॉर्म 12ब होगा। यदि वे फिजिकली वोट के लिए अनुरोध करते हैं, तो उनके लिए फॉर्म ड होगा। 23 साल के युवा उत्तराखंड में इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा-कांग्रेस ने युवाओं को तरजीह दी है। दोनों पार्टियों के 10 प्रत्याशियों में हरिद्वार लोकसभा से कांग्रेस के वीरेंद्र रावत सबसे युवा उम्मीदवार हैं, जबकि टिहरी लोकसभा से भाजपा की माला राज्य लक्ष्मी शाम सबसे उम्रदराज प्रत्याशी हैं। भाजपा में आयु के हिसाब से देखें तो अल्मोड़ा के प्रत्याशी अजय टम्टा 51 साल आयु के साथ सबसे युवा प्रत्याशी हैं। 53 साल आयु के साथ गढ़वाल के प्रत्याशी अनिल बलूनी दूसरे और हरिद्वार के प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत 63 साल के साथ तीसरे स्थान पर हैं। भाजपा में नैनीताल के प्रत्याशी अजय भट्ट 62 और माला राज्य लक्ष्मी शाह करीब 73 साल आयु की प्रत्याशी हैं। कांग्रेस में आयु के हिसाब से हरिद्वार प्रत्याशी वीरेंद्र रावत 49 साल के साथ पहले स्थान पर हैं। नैनीताल प्रत्याशी प्रकाश जोशी करीब 54 साल आयु के साथ दूसरे स्थान पर हैं। गढ़वाल प्रत्याशी गणेश गोदियाल 58 साल आयु के साथ तीसरे स्थान पर हैं। अल्मोड़ा के प्रत्याशी प्रदीप टम्टा की आयु 66 साल और टिहरी प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला की आयु करीब 69 साल है। कांग्रेस में गुनसोला ही सबसे उम्रदराज प्रत्याशी हैं। 2019 लोकसभा चुनाव में जीते हुए दो सांसदों को इस बार के चुनाव में भाजपा ने मौका नहीं दिया है। उनकी जगह नए प्रत्याशी गढ़वाल में अनिल बलूनी और हरिद्वार में त्रिवेंद्र रावत को मैदान में उतारा है। वहीं, कांग्रेस ने पिछले चुनाव के अपने पांच में से चार प्रत्याशी बदल दिए हैं। इस बार हरिद्वार, टिहरी, गढ़वाल और नैनीताल सीटों पर प्रत्याशी बदले गए हैं। हालांकि, अल्मोड़ा में पार्टी ने टम्टा पर ही भरोसा जताया है।

## नैनीताल सीट पर दस नामांकन वैध



रुद्रपुर। नैनीताल संसदीय सीट पर संवीक्षा में सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। नामांकन वापसी 30 मार्च को होगी और इसी दिन प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न भी दिए जाएंगे। सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार ने प्रत्याशियों से निर्वाचन आयोग के आदेशों का सख्ती से पालन करने की अपील की है। कहा कि चुनाव से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी या शंका होने पर उनसे फोन पर बात कर सकते है। रिटर्निंग अफसर उदयराज सिंह ने प्रत्याशियों से पेड और हेट न्यूज से बचने की अपील की। बृहस्पतिवार को जिला न्यायालय में बने नामांकन कक्ष में रिटर्निंग अफसर उदयराज सिंह ने सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार की मौजूदगी में नामांकन पत्रों की जांच की। जांच में नामांकन करने वाले सभी दस प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। आरओ उदयराज ने नामांकन पत्र जांच के दौरान मौजूद प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों को चुनाव आयोग के आदेशों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार संबंधी व्यय का निधरित पंजिका में नियमित अंकन किया जाए। नियत तिथियों में व्यय प्रेक्षक को अवलोकन भी कराएं। सभी प्रत्याशी पोलिंग व मतगणना एजेंट को तैनात करते हुए उनकी सूची उपलब्ध करा दें। उन्होंने सभी प्रत्याशी प्रतिनिधियों से वेयर हाउस से ईवीएम लाने-ले जाने और ईवीएम स्ट्रांग रूम के निरीक्षण व रेंडमाइजेशन के दौरान उपस्थित रहने की अपील की। वहां सीडीओ व निर्वाचन के नोडल मनीष कुमार आदि थे। नैनीताल सीट से ये प्रत्याशी मैदान में : अजय भट्ट - भारतीय जनता पार्टी, प्रकाश जोशी - कांग्रेस, अख्तर अली : बहुजन समाज पार्टी , जीवन चंद्र उप्रेती : भारत की लोक जिम्मेदार पार्टी अखलेश कुमार : अखिल भारतीय परिवार पार्टी, अमर सिंह सैनी : पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), शिव सिंह : उत्तराखंड क्रांति दल, सुरेंद्र सिंह : निर्दलीय, हितेश पाठक : निर्दलीय, रमेश कुमार : निर्दलीय।

## पत्नी की हत्या कर पति ने रेलवे ट्रैक पर किया सुसाईड

देहरादून। पत्नी की हत्या कर भागे एक व्यक्ति का शव लक्सर रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। माना जा रहा है की व्यक्ति ने ट्रेन से कटकर जान दी है। महिला का शव देहरादून स्थित उनके किराए के मकान से बरामद हुआ। महिला के गले पर घोंटे जाने के निशान हैं। रिश्तेदारों ने महिला के पति के खिलाफ शिकायत थाने को दी है जिस पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। एसओ नेहरू कॉलोनी मोहन सिंह ने बताया कि चकशाह नगर में ज्ञानप्रकाश निवासी लखीमपुर खीरी अपनी पत्नी राम बेटी के साथ किराए पर रहता था। पास में ही उनके रिश्तेदार भी रहते हैं। ज्ञानप्रकाश उर्फ ज्ञानी का शव बृहस्पतिवार दोपहर को हरिद्वार के लक्सर स्थित रेलवे ट्रैक पर पड़ा था। शव को देखकर लग रहा था कि उसने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दी है। उसकी जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई तो लक्सर पुलिस ने सूचना लखीमपुर खीरी स्थित दवाई में ज्ञानी के परिजनों को दी। तब पता चला कि ज्ञानी की पत्नी राम बेटी उसके साथ नहीं है। इस पर नेहरू कॉलोनी पुलिस ने ज्ञानी के रिश्तेदारों को सूचित किया और उसके घर पहुंचे। यहां पर कमरा बंद था। पुलिस में खोलकर देखा तो अंदर राम बेटी बेसुध पड़ी थी। उसे अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ज्ञानी के फूफा बलराम सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। माना जा रहा है कि ज्ञानी ने बृहस्पतिवार सुबह पत्नी को गला घोटकर मार डाला और फिर लक्सर जाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि दोनों में अकसर झगड़े होते रहते थे।

## चारधाम यात्रा के लिए जीएमवीएन में होटल व गेस्ट हाउस को मिली बंपर बुकिंग

ऋषिकेश । चारधाम यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों में भारी उत्साह है। गढ़वाल मंडल विकास निगम (जीएमवीएन) को अब तक होटल व गेस्ट हाउस की साढ़े चार करोड़ रुपये की बुकिंग मिल चुकी है। आने वाले दिनों में यह आंकड़ा और बढ़ेगा। निगम ने फरवरी में होटल की ऑनलाइन बुकिंग शुरू की थी। चारधाम यात्रा को लेकर निगम की ओर से इस बार खास तैयारियां की गई हैं। पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए वेबसाइट पर भी सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। यात्रा के दौरान किसी भी परेशानी से बचने के लिए तीर्थयात्री व पर्यटक एडवांस बुकिंग करा रहे हैं। जीएमवीएन के सहायक महाप्रबंधक राकेश सकलानी ने बताया, यह आंकड़ा सिर्फ होटल व गेस्ट हाउस की ऑनलाइन और ऑफलाइन बुकिंग का है। इसके अलावा निगम को टूर पैकेज की भी अच्छी बुकिंग मिल रही हैं। आने वाले दिनों में यह आंकड़ा और अधिक बढ़ने की उम्मीद है। केदारनाथ धाम का जायजा लेने के लिए निगम की टीम दो अप्रैल को दून से रवाना होगा। छह-सात सदस्यों की टीम धाम में बर्फबारी से हुई टूट-फूट का जायजा लेने के साथ नंदी कैंप और कैंप लगाने वाली जगहों की भी स्थिति जानेंगे। ताकि यात्रा से पहले धाम में कैंप को व्यवस्थित किया जाए। इस साल देश में लोकसभा चुनाव भी होने हैं। सात चरणों में होने वाले मतदान मई माह तक चलेंगे। ऐसे में निगम के अधिकारियों का मानना है कि इस दौरान बुकिंग का आंकड़ा कम हो सकता है।

## कॉर्बेट पार्क के ढिकाला में जंगल सफारी करने पहुंचे सचिन तेंदुलकर

रामनगर। मास्टर ब्लॉस्टर के नाम से मशहूर पूर्व क्रिकेटर व भारत रत्न सचिन तेंदुलकर बृहस्पतिवार को उत्तराखंड पहुंते। वह शुक्रवार को कॉर्बेट पार्क के ढिकाला में जंगल सफारी कर सकते हैं। हालांकि अभी तक उनका अधिकारिक कार्यक्रम नहीं आया है। फिर भी कॉर्बेट ने अपनी तैयारी की हुई है। सचिन तेंदुलकर बृहस्पतिवार को रुद्रपुर में एक सोलर प्लांट का शुभारंभ करने पहुंचे थे। वह शाम को रामनगर पहुंचे।




वह ढिकुली स्थित ताज रिजॉर्ट में ठहरे हैं। सीटीआर निदेशक डॉ. धीरज पांडेय ने बताया कि पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर कॉर्बेट पार्क के ढिकाला में जंगल सफारी कर सकते हैं। वह राज्य अतिथि हैं, लेकिन अभी तक उनका कोई अधिकारिक कार्यक्रम नहीं आया है। पार्क की ओर से खिनानौली में रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है।

## लोकसभा चुनाव में ड्यूटी के लिए यूपी से आएंगे नौ हजार होमगार्ड

देहरादून। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव ड्यूटी के लिए उत्तर प्रदेश से होमगार्ड के नौ हजार जवान आएंगे। बृहस्पतिवार को हुई नौ राज्यों की अंतरराज्यीय सीमा समन्वय बैठक में होमगार्ड उपलब्ध कराने पर सहमति बनी है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुईं। बैठक में लोस चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें राज्यों की सीमाओं पर गहन चेकिंग और सक्रिय निगरानी रखने समेत अन्य मुद्दों राज्यों ने अपनी रणनीति साझा की। इसके अलावा चुनाव के दौरान सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड को होमगार्ड के नौ हजार जवान उपलब्ध कराए जाएंगे। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस, वन व खनन विभाग की सयुंक्त टीमों के माध्यम से निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। हिमाचल से उत्तराखंड की सीमा से लगते सिरमौर व शिमला जिलों में एफएसटी व एसएसटी को सक्रिय करने का आग्रह किया। बैठक में झारखंड, बिहार, दिल्ली, मध्यप्रदेश, छतीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा के मुख्य सचिवों ने भी वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार, गृह सचिव दिलीप जावलकर, मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.बीवीआरसी पुरुषोत्तम समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## जम्मू-कश्मीर के माइग्रेंट वोटर भी पोस्टल बैलेट से डाल सकते हैं वोट

देहरादून। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी जोगदंडे ने बताया, जम्मू-कश्मीर के माइग्रेंट वोटर्स भी पोस्टल बैलेट के लिए फॉर्म जमा कर सकते हैं। उसका प्रारूप फॉर्म 12-सी होगा। अगर वे फिजिकली वोट के लिए अनुरोध करते हैं, तो उनके लिए फॉर्म-एम भरना होगा। यह जानकारी माइग्रेंट वोटर्स को उनके चुनाव पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के माध्यम से उपलब्ध करा दी गई है। ये व्यक्ति अपने आवेदनपत्र, जहां पर वे अभी निवास कर रहे हैं, वहां पर जमा कराने हैं। इन परिवारों एवं व्यक्तियों से जो अपना फॉर्म 12-सी और फॉर्म-एम जमा करना चाहते हैं, सबंधित ईआरओ कार्यालय में जाकर तीन डॉक्यूमेंट जमा करने होंगे। पहला फॉर्म-एम या फार्म 12-सी, वर्तमान में निवास का रेजीडेंस प्रूफ और तीसरा रिलीफ कमिश्नर से प्राप्त माइग्रेशन सर्टिफिकेट या अन्य कोई अभिलेख। इन अभिलेखों को जमा करने के बाद राज्य के ईआरओ इन आवेदनपत्रों को ऑनलाइन मोड से संबंधित ईआरओ को भेजेंगे, जो जम्मू-कश्मीर राज्य में होंगे। यह सुविधा केवल तीन लोकसभा क्षेत्रों श्रीनगर, अनंतनाग और बारामुला के लिए उपलब्ध होंगी। यहां के मतदाता अपने प्रत्याशी को बैलेट से वोट डाल सकते हैं।

## धोखाधड़ी के आरोप में मुंबई से फरार निवेश सलाहकार ऋषिकेश से गिरफ्तार

देहरादून। करोड़ों की धोखाधड़ी में मुंबई से फरार हुए निवेश सलाहकार अंबर दलाल को मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा टीम ने ऋषिकेश के पास मुनिकीरेती से गिरफ्तार कर लिया। इसके पास लोग 15 साल से अधिक समय से निवेश कर रहे थे। अंबर दलाल पर काफी लोगों के करीब 380 करोड़ रुपये



की धोखाधड़ी का आरोप है। पिछले कुछ दिनों से अभिनेता, फैशन डिजाइनर सहित कई लोगों की रकम निवेश कराने के बाद फरार चल रहा था। मुंबई पुलिस ने इसे कोर्ट में पेश करने के बाद दो अप्रैल तक कस्टडी रिमांड पर लिया है। जानकारी के मुताबिक, चार्टर्ड अकाउंटेंट और एक कंपनी के निदेशक अंबर दलाल के खिलाफ जुहू के एक फैशन डिजाइनर ने भी शिकायत की थी। इसके बाद से ही ये लगातार गिरफ्तारी से बचने के लिए जगह बदलने लगा। इसके बाद मुंबई पुलिस ने दून पुलिस से बात की। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि इसकी गिरफ्तारी के लिए मुंबई पुलिस ने बात की थी। आरोपी का मोबाइल फोन और लैपटॉप भी जब्त किया गया है।

## केशव सूर्यमुखी कालेज में अध्यापक नियुक्ति शिविर का आयोजन किया

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। नगर के महाविद्यालय केशव सूर्यमुखी कालेज ऑफ एजुकेशन के बी०एड विभाग द्वारा बृहस्पतिवार को अध्यापक नियुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार दास ने बताया कि क्षेत्र के 19 स्कूल एवं कालेजों ने महाविद्यालय में अध्ययनरत एवं पूर्व में अध्ययन कर चुके टीजीटी, पीजीटी एवं पीआरटी पद हेतु समस्त प्रशिक्षुओं को साक्षात्कार किये। इस शिविर में 115 प्रशिक्षुओं ने अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार दिये। जिसमे चयन तथा नियुक्ति सम्बन्धि प्रक्रिया करके समस्त प्रशिक्षुओं ने अपना रजिस्ट्रेशन एवं मूल प्रमाणपत्र की छायाप्रति जमा किया।



जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# महानाम संकीर्तन से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा







रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी स्थित श्री श्री शनि देव जी महाराज के मंदिर में कल तीस मार्च से प्रारंभ हो रहे महानाम संकीर्तन से पूर्व आज भारी संख्या में महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। इससे पूर्व पारंपरिक वेशभूषा में सैकड़ों महिलाएं सिंह कालोनी 7स्थित श्री श्री शनि देव जी महाराज के मंदिर परिसर में एकत्रित हुई। जहां से वह विधि विधान से सिर पर कलश धारण कर हरिनाम संकीर्तन करते हुए आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी में श्री दुर्गा मन्दिर पहुंची। वहां से कलश यात्रा प्रारम्भ होकर इन्द्रा कालोनी, सिंह कालोनी, काशीपुर बाई पास मार्ग, डीडी चौक, किच्छा बाई पास रोड में झील पर पहुंची। जहां पूजा अर्चना कर गंगा जल कलश में लेकर वापस आई। पांच दिवसीय श्री मद भागवत कथा प्रतिदिन सांय 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक की जायेगी। कल 30 मार्च से आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी गली नम्बर एक में श्री श्री शिव मंदिर में प्रात: 6 बजे से अष्टम प्रहर महानाम संकीर्तन एंव विशाल भण्डारा प्रारंभ होगा। श्री श्री शनिदेव महाराज जी की पूजा दोपहर 1 बजे सायं 7 बजे पुन: सिंह कालोनी श्री श्री शनि मन्दिर आरती होगी। 31 मार्च को प्रात: 6 बजे महानाम संकीलन समापन होगा। यह कार्यक्रम कार्तिक मंडल एंव समस्त क्षेत्रवासियों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कलश यात्रा में कार्तिक मण्डल, देव मण्डल, पारुल मण्डल, चौताली मण्डल, गोविन्द राय, रीना सरकार, आरती सरकार, गणेश सरकार, काशीनाथ हाजरा, मोनी मण्डल, रेनु मण्डल, सुजाता मल्लिक, तपन विश्वास, मधु सरकार, गोविन्दो सरकार, मोरनी सरकार, सविता सरकार, उत्तम अधिकारी, श्यामल राय, तपन विश्वास, अशोक, मुकेश मालाकार, आलो हाजरा, दिपाली, सुभाष मण्डल, नोनी गोपाल, कृष्णा गाईन, जमुना सरला, बसंती विश्वास, चंचला सरकार, गीता विश्वास, गीता सरकार, सरिता सरकार, रूपा मंजूदार, नीलू ढाली, अमित सरकार, बेबी मालाकार, पुष्पा सरकार, राजू विश्वास, सुमन विश्वास, देवांशी, विष्णु सरकार, सुजीत मजूमदार, भागीरथी सरकार, मन्जु, माया चक्रवर्ती, श्यामली हाजरा, रजनी, बिमल घरामी, खुशी, विवेक श्गुहा, आशा, देवनाथ, रजनी साना आदि लोग मौजूद थे।

## प्रतापपुर में कार सवार बदमाशों ने मचाया तांडव

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में दबंगों ने एक व्यक्ति का रास्ता रोककर उसके साथ गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट की। इस दौरान विरोध करने पर बदमाशों ने उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा होने पर आरोपी वहां से फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर दो लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर बहल्ला पुल पीपलसाना रामनगर निवासी महेंद्र सिंह पुत्र बिशन सिंह ने बताया कि बीते 19 मार्च को वह अपने पड़ोसी दीपेंद्र सिंह रावत पुत्र चंद्र सिंह रावत के साथ शाम लगभग 7:30 बजे प्रतापपुर में फोटो कॉपी करवाने गया था। इस दौरान वापसी में सफेद रंग की किया कार संख्या यूके 18 एन/9013 में सवार खालसा ढाबा प्रतापपुर निवासी सतनाम सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह, कुलजीत सिंह एवं 8 से 10 कार सवार हथियारों से लैस अज्ञात बदमाशों ने उसकी स्कूटी के आगे कार लगाकर उसे चारों ओर से घेर लिया और गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो के खिलाफ धारा 323 341 504 506 आईपीसी के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। प्रतापपुर चौकी क्षेत्र में कार्यवाही के नाम पर पुलिस ठीक से औपचारिकता भी नहीं कर पा रही है। सूत्रों की माने तो उक्त चौकी क्षेत्र में तीन दर्जन से भी अधिक स्थानों पर अवैध कच्ची शराब के गैर कानूनी अड्डे आबाद हैं जहां से प्रतिदिन हजारों लीटर जहरीली कच्ची शराब की धड़ल्ले से खपत की जा रही है। चौकी क्षेत्र से होकर खनन भरे वाहन भी सड़कों पर खुलेआम पर फर्राटा भरते हैं लेकिन गलत एवं गैर कानूनी कार्यों पर पर्दा डालने का काम किया जा रहा है। यानी कहा जाये तो छोटी मछलियों को पकड़कर सिर्फ दायित्वों की इति श्री की जा रही है जबकि बड़ी मछलियों को कानून का कोई खौफ नहीं।

## सरयू नदी में खनन पर रोक लगाने की मांग

बागेश्वर(उद संवाददाता)। नदियों में मानकों की अनदेखी कर खनन करने वाले रसूखदारों द्वारा निर्माण सामग्री के लिए सरयू और गोमती नदी में खनन सामग्री नदियों में मशीनें लगाकर मनचाही खनन सामग्री निकाली गई।नदियों में मिलीभगत से हुए अवैध खनन से नदिया अपने मूल स्वरूप से अपना बहाव बदलते रह रही हैं।नदी किनारे खनन और निर्माण कार्य मे तो ठेकेदारों द्वारा रमन्ना कटने की बात बताई गई। वही स्टोन क्रशर पट्टाधारकों को भी खनन सामग्री में उचित लाभ चाहिए।वही नगर के समीप भी एक बार फिर अवैध खनन सामाग्री के लिए सरयू नदी में सड़क बनालर खनन सामग्री लाने के लिए नदी में सड़क बनाने का मामला संज्ञान में आया है। लोगों ने अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र सरयू तथा गोमती नदी के संगम नदियों का तट पर बसा हुआ है। खनन से नदी का बहाव का रुख बदल रहा है।जिसजे नदी की गहराई बढ़ रही है। नगर क्षेत्र में अधिकतर घर, होटल आदि भी नदी किनारे बने हुए हैं। जिन पर वर्षाकाल में बाढ़ से तबाही होने का खतरा मंडरा रहा है।वहीं नदियों में लोडर मशीनों से खनन प्रतिबंधित है। यहां प्रशासन के नाक के नीचे सबकुछ हो रहा है। उदासीनता के चलते रेता-बजरी तस्करों के हौंसले बुलंद हैं। कठायतबाड़ा के समीप सरयू नदी को दो भागों में बांट दिया गया है। बीचोंबीच कच्ची सड़क बन गई है। जहां से खनन के बाद रेता-बजरी डंपर आदि के माध्यम से ले जाया जा रहा है। वहीं मजदूरों के माध्यम से रेता, बजरी की तस्करी करने वाले लोग जमकर नदियों का दोहन करा रहे हैं। तहसील प्रशासन के नाक के नीचे अवैध खनन का खेल चल रहा है। वहीं मजदूरों को लेकर बड़ी कार्रवाई सेपुलिस और प्रशासन बच रहा है। खनन से सरयू पूरी तरह छलनी हो गई है। नदी में गहरे गड्ढे बन गए हैं। वर्षा में इससे भू-कटाव का खतरा होगा। इधर, उपजिलाधिकारी मोनिका ने कहा कि अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। पूर्व में भी नदी के बीचोंबीच सड़क बनाई गई थी।

## अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार



शक्तिफार्म (उद संवाददाता) ।आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने होशियार सिंह पुत्र बच्चन सिंह निवासी पिपलिया शक्तिफार्म को 41 पाउच कच्ची शराब के साथ कुशमोठ तिराहे सिरसा रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के विरूद्ध कोतवाली सितारगंज में धारा 60 (1) आबकारी अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम मे चौकी प्रभारी जगदीश चंद्र तिवारी, कॉस्टेबल भारत भूषण,भवान सिंह आदि थे।

## इंस्पिरेशन स्कूल में मनाया ग्रेजुएशन डे

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में ग्रेजुएशन डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की चेयरपर्सन डॉ0 गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य श्री अनुराग माथुर, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा एवं कॉर्डिनेटर श्रीमती प्रियंका शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। नर्सरी व एल0के0जी के नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा बूम-बूम व कॉग्रेचुलेशन गानों पर सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया गया। उसके बाद यू0के0जी0 के सभी विद्यार्थियों को वार्षिक परिणाम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन स्कूल कॉर्डिनेटर श्रीमती प्रियंका शर्मा द्वारा अभिभावकों का आभार व्यक्त कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सोनिया मेहता, श्रीमती एकता बेरी व श्रीमती दामिनी दास द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से कक्षा दो तक के सभी शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं।



## जरायम कारोबारियों को मिल रहा पुलिस का संरक्षण

काशीपुर(उद संवाददाता)। पैगा पुलिस चौकी क्षेत्र में जरायम कार्यों को पुलिस का संरक्षण मिलता बताया जा रहा है। चौकी क्षेत्र में खाई खेड़ा, छोटी बरखेड़ी, बड़ी बरखेड़ी, कनकपुर, गिन्नी खेड़ा बांसखेड़ा आदि तमाम गांव ऐसे भी हैं जहां अवैध कच्ची शराब का गैर कानूनी कारोबार कुटीर उद्योग के रूप में जड़ जमा चुका है। सूत्रों का कहना है कि चौकी क्षेत्र के इन गांवों में प्रतिदिन हजारों लीटर अवैध कच्ची शराब बनाई और बेची जाती है लेकिन पुलिस प्रशासन आज तक कारोबारियों का कुछ भी नहीं बिगाड़ सका। कानून की धज्जियां उड़ाते हुए जहरीली शराब के कारोबारी खुलेआम वर्दी का मखौल उड़ा रहे हैं। कच्ची शराब के सेवन से मौतों की बात करें तो अब तक दर्जनों जिंदगियां मौत के मुंह में चली गई यही नहीं बल्कि कच्ची शराब ने हजारों परिवारों को भूखमरी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया लेकिन गोरखधंधा आज भी बंद नहीं हो सका।आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद राज्य की सीमा पर स्थापित पैगा चेक पोस्ट पर यूपी की ओर से ईंटों की भारी भरकम खेप लेकर उत्तराखंड में प्रवेश करने वाले बड़े वाहनों को बड़ी ही आसानी से एंट्री मिल रही है। यह गोरख धंधा पिछले कई वर्षों से चल रहा है। देर रात से लेकर सुबह सवेरे तक चंदौसी संभल ठाकुरद्वारा तथा मुरादाबाद के विभिन्न इलाकों से सैकड़ो की तादाद में ईंटों भरे ट्रक एवं ट्रैक्टर ट्रालियां सीमा पारकर बड़े ही आसानी से उत्तराखंड की सीमा में प्रवेश कर जाते हैं।

## मैदानी इलाकों में बढ़ रहा तापमान

देहरादून। प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में शुक्रवार को बर्फबारी होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, पिथौरागढ़, टिहरी और पौड़ी जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। चार हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के भी आसार हैं। केंद्र ने इन जिलों के कुछ इलाकों में बिजली चमकने और ओलावृष्टि के साथ 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश से मौसम भले ही सुहावना है, लेकिन मैदानी इलाकों में गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। बृहस्पतिवार को राजधानी दून के अधिकतम तापमान ने दस साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। प्रदेश के अन्य जिलों में भी अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बृहस्पतिवार को दून का अधिकतम तापमान 34.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से पांच डिग्री अधिक है। इससे पहले 2014 में इस दिन तापमान 31.2 डिग्री रहा था। दिन में हुई गर्मी का असर रात को भी देखने को मिला। इसके चलते रात का न्यूनतम तापमान भी चार डिग्री की बढ़ोतरी के साथ 18.8 रहा। शुक्रवार को दून का अधिकतम तापमान 34 और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री रहने के आसार हैं।

## गुलदार के भय से ग्रामीणों ने रास्ता छोड़ा, स्कूली बच्चों को खतरा

गरुड़(उद संवाददाता)। तहसील के छटिया गांव में गुलदार के भय से ग्रामीणों ने रास्ता ही छोड़ दिया है। रास्ते के पास ही स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के बच्चे भी खतरे के साये में स्कूल पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग द्वारा अभी तक कोई ठोस उपाए न करने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। छटिया गांव में गुलदार का आतंक कम नहीं हो रहा है। गुलदार लंबे समय से अपने तीन शावकों के साथ यहां डेरा जमाए हुए है। गुलदार जिस रास्ते के पास एक झाड़ी में अपने तीन शावकों के साथ छिपा है, ग्रामीणों ने वह रास्ता ही छोड़ दिया है। स्कूली बच्चे भी अब दूसरे रास्ते से आ रहे हैं। गुलदार ने जिस स्थान पर अड्डा मारा है, उससे कुछ ही दूरी पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय भी स्थित है। बच्चे भी खतरे के साये में पढ़ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग किसी अनहोनी का इंतजार कर रहा है। वन विभाग की लचर व्यवस्था पर आक्रोश व्यक्त करते हुए ग्रामीण कमल जोशी, राहुल रावत, मनीष कठायत, विनोद गिरी, प्रकाश गोस्वामी, हरीश जोशी, प्रकाश जोशी, प्रमोद जोशी आदि ने प्रशासन से शीघ्र गुलदार की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

## मतदान के लिए किया जागरूक

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नैनीताल के दिशा निर्देशन में नगर कालाढूंगी एवं विकास खंड कोटाबाग के ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के तहत स्ध्वीप का प्रमुख लक्ष्ध्य निर्वाचनों के दौरान सभी पात्र नागरिकों को मत देने और जागरूक निर्णय लेने के लिए प्रोत्ध्साहित करके भारत में सही मायनों में सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करना है। जिसके लिए नगर कालाढूंगी एवं ब्लाक कोटाबाग क्षेत्र में खंड शिक्षा अधिकारी सत्य नारायण के मार्गदर्शन में शिक्षिका दमयंती मेहरा एवं मंजुल पांडे को कोआर्डिनेटर के रूप में इस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराने में जुटी हुई हैं। कोआर्डिनेटर दमयंती मेहरा ने बताया कि दिसंबर महीने से समय समय पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं। ब्लाक क्षेत्र के स्कूलों में ईएलसी का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, मेंहदी प्रतियोगिता, मतदान गीत का आयोजन कराया जा रहा है। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से बैग्स का गठन करते हुए मतदान जागरूकता शपथ, जन जागरूकता कार्यक्रम, महिला चौपाल लगाकर, वॉल पेंटिंग के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# कमल खिलल और मोदी ज्यू यो बार..फिर प्रधानमंत्री बनाल

## सीएम धामी ने कुमाऊंनी बोली में लोगों से संवाद किया,डीडीहाट में रोड शो और नैनीताल में की जनसभा





नैनीताल/पिथौरागढ़/ (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज डीडीहाट में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी अजय टम्टा के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान समर्थकों का जनसैलाब देखने को मिला। सीएम धामी ने जनसभा को पहाड़ी में संबोधन कर कहा कि पांचों लोकसभा में कमल खिलल और मोदी ज्यू यो बार फिर प्रधानमंत्री बनाल। बता दें सीएम धामी ने डीडीहाट मार्केट से रामलीला ग्राउंड तक पदयात्रा की। इस दौरान अल्मोड़ा सीट से भाजपा प्रत्याशी समेत हजारों की संख्या में समर्थक मौजूद रहे। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम धामी ने कुमाऊंनी में ही लोगों से संवाद किया और कहा कि पांचों लोकसभा में कमल खिलल और मोदी ज्यू यो बार फिर प्रधानमंत्री बनाल। सीएम धामी ने मतदाताओं से आगामी 19 अप्रैल को भारी संख्या में वोट डालने लिए अपने अपने बूथें पर पहुंचने की अपील की। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी अजय टम्टा के समर्थन में आज पिथौरागढ़ जिले के डीडीहाट में रोड शो किया। इसके बाद सीएम ने रामलीला मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम धामी ने कहा कि इस बार उत्तराखंड तैयार लग रहा है और बीजेपी एक बार फिर से पांचों सीटों पर जीत हासिल करेगी। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में जनसभा की। इस दौरान सीएम ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि उत्तराखण्ड की जनता प्रचंड बहुमत के साथ पांचों सीटों पर कमल का फूल खिलाने को तैयार है। सीएम धामी ने कहा आजादी की लड़ाई हो या राज्य निर्माण आंदोलन। सभी आंदोलन में नैनीताल जिले के लोगों का बढ़-चढ़ कर योगदान रहा है। मातृशक्ति के उत्थान और सशक्तीकरण के लिए हमने पूरे प्रदेश में मातृशक्ति के उत्सव आयोजित किए हैं। जिसमें माताओं ने बड़ी संख्या में हमें आशीर्वाद दिया है। सीएम ने कहा मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि जिस तरह आज युवा साथियों, बड़े बुजुर्गों और महिलाशक्ति का जो उत्साह है। उससे प्रदेश में चारों ओर कमल खिलने वाला है। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ऐतिहासिक मतों से चुनाव जीतने वाले हैं। सीएम ने कहा 400 पार सिर्फ नारा नहीं बल्कि देश के लोगों का प्रधानमंत्री मोदी के प्रति प्रेम है। आपका आशीर्वाद एक बड़ी जीत का प्रमाण बनेगा। प्रधानमंत्री का कोई ऐसा पल नहीं होता जब वह राज्य का नाम न लें। सीएम ने कहा देवभूमि उत्तराखण्ड प्रधानमंत्री मोदी के हृदय में बसता है। प्रदेश की विकास यात्रा यूं ही जारी रहे इसके लिए हमें प्रदेश की पांचों लोकसभा सीट में फिर से कमल खिलाना है। सीएम ने कहा हल्द्वानी के आधारभूत ढांचे को विकसित करने के लिए योजना पर काम आगे बढ़ रहा है। बलिया नाले के लिए 200 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हो गई है। इसके अलावा कैंची धाम के लिए भी मास्टर प्लान तैयार हो गया है। हमारी सरकार ने हमने हमेशा विकास को प्राथमिकता दी है।सीएम धामी ने कहा हमने भर्ती घोटालों पर प्रहार किया और सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लेकर आएं। आज पारदर्शिता के आधार पर युवाओं को नियुक्ति मिल रही है। सीएम ने कहा हमने समान नागरिक संहिता का कानून प्रदेश में लागू किया है। दंगारोधी कानून के तहत दंगा करने वालों की संपत्ति जब्त की जाएगी। हमने चुनाव से पूर्व लोगों को तीन सिलेंडर देने का वादा किया था, जिसे हमने पूरा किया है।

## पर्यटन सीजन के लिए नैनीताल में 17 स्थानों पर नो पार्किंग जोन घोषित

नैनीताल(उद संवाददाता)। पर्यटन सीजन को देखते हुये नैनीताल शहर में यातायात को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने हेतु शहर में 17 स्थानों पर नो पार्किंग जोन घोषित किया है। गुरूवार को नैनीताल शहर में यातायात समस्या के दृष्टिगत परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, नगर पालिका नैनीताल एवं प्रशासन द्वारा सम्यक विचारोपरांत 17 स्थलों को पार्किंग जोन घोषित किया है। उन्होंने बताया कि हनुमान गढ़ी से तल्लीताल डॉट, डॉट चौराहा, तल्लीताल से कैलाखान मोड तक (भवाली मार्ग में), अपर एवं लोअर माल रोड, पन्त पार्क एवं पन्त पार्क से नैनादेवी मन्दिर तक (वी०आई०पी० वाहन पार्किंग को छोडकर), तल्लीताल रिक्शा स्टैण्ड से बी०डी०पाण्डे हॉस्पिटल तक (बी०डी० हॉस्पिटल के सामने एम्बूलेंस को छोडकर), घोड़ा स्टैण्ड तिराहे से मस्जिद तिराहा तक, मस्जिद तिराहा से चीनाबाबा तिराहा तक, चीनाबाबा तिराहे से बी०डी० पाण्डे हॉस्पिटल तक (घोड़ा स्टैण्ड तक), चीना बाबा तिराहा से मनुमहारानी तिराहा तक, मनुमहारानी तिराहा से प्रशासनिक अकादमी तक, मनुमहारानी तिराहे से सुखताल होते हुए बारापत्थर तक (सुखताल एवं केएमबीएन पार्किंग को छोड़कर) बारापत्थर से घोड़ा स्टैण्ड कालाढूंगी रोड तक, मालरोड इण्डिया होटल से जू-रोड में (जू तक) (नगर पालिका द्वारा अनुमन्य वाहनों को छोड़कर), बिरला रोड बैलकम होटल तिराहा से भौटिया बैण्ड होते हुए बिरला स्कूल तक, मस्जिद तिराहा से राजभवन/कलेक्ट्रेट होते हुए तल्लीताल डॉट तक समाप्त मार्ग पर और बारापत्थर से पंगोट मार्ग पर हिमालय दर्शन तक सड़क के दोनों ओर सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग/विराम प्रतिषेध किया गया है। सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया किया नो पार्किंग जोन में वाहन पार्किंग करने की स्थिति में वाहन स्वामियों पर नियमानुसार अनुशास नात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट के बाद प्रशासन ने बंद कराया मेला

काशीपुर। ग्राम दुर्गापुर किलावली स्थित गुरुद्वारा संत भाई हिम्मत सिंह दरबार में 25 मार्च को शुरू हुए जोड मेले में बुधवार की रात दोनों पक्षों में जमकर मारपीट और हंगामा हुआ जिसमें कई लोग घायल हो गए। विवाद को देखते हुए प्रशासन ने बृहस्पितवार को ही मेला स्थगित कर दिया है। इस कारण देश-विदेश से आई काफी संगत लौट गईं। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ कुंडा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। गुरुद्वारे में पुलिसबल और अर्द्ध सैनिक बल तैनात किया गया है। दुर्गापुर किलावली के गुरुद्वारे में 25 मार्च को जोड़ मेला शुरू हुआ था। यहां गुरुद्वारे के संचालन को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा है जिसे देखते हुए प्रशासन की ओर से मेला आयोजन समिति का गठन किया गया था। दोनों पक्षों के लोगों को प्रशासन की ओर से हिदायत दी गई थी कि आयोजनों के दौरान कोई भी व्यक्ति कीर्तन मंच पर नहीं बैठेगा। आरोप है कि गुरुद्वारे की देखरेख कर रहे पक्ष की ओर से एक व्यक्ति रात करीब दस बजे मंच पर आ गया जिस पर दूसरे पक्ष के लोगों ने आपत्ति जताई। इससे झगड़ा शुरू हो गया। दोनों पक्ष एक दूसरे पर लाठियां लेकर हमलावर हो गए। आरोप है कि तलवारें और असलहे भी लहराने का प्रयास किया गया इस दौरान दोनों पक्षों के कई लोग चोटिल हो गए। सूचना पर एसडीएम अभय प्रताप सिंह, एसपी अभय सिंह और तहसीलदार पंकज चंदोला पुलिस बल समेत मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि विवाद की स्थिति को देखते हुए मेला स्थगित कर दिया है। एक पक्ष की ओर से पूर्व ग्राम प्रधान अमनदीप कौर ने और दूसरे पक्ष से बचन सिंह ने एक दूसरे पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने सीसीटीवी की डीबीआर देखकर जांच शुरू कर दी है। मेला समय से पहले बंद होने पर यहां झूले और दुकानें लगा रहे व्यापारी मायूस होकर लौट गए। प्रशासन के अनुसार गुरुद्वारा श्री भाई हिम्मत सिंह के संचालन का विवाद 14 साल से चल रहा है। इसके चलते यहां लगभग हर पर्व के दौरान दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ जाते हैं। विवाद को देखते हुए जनवरी में पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को पाबंद मुचलका किया था। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद यहां जिला प्रशासन की ओर से अपर जिलाधिकारी को रिसीवर और एसडीएम काशीपुर को चुनाव अधिकारी नामित कर जल्द ही चुनाव के आदेश दिए हैं।

## नेशनल जु-जित्सू चैम्पियनशिप के लिए टीम रवाना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। 30 मार्च से 2 अप्रैल को मल्टीपरपस हाल, चौक स्टेडियम, लखनऊ में आयोजित होने जा रही सबजूनियर, जूनियर ( बालक/बालिका वर्ग) नेशनल जु-जित्सू चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करने के लिए जनपद ऊधम सिंह नगर की जु-जित्सू टीम शुक्रवार सुबह रवाना हो गयी। सभी खिलाड़ियों को जिला जु-जित्सू संघ ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, महासचिव ऋषि पाल भारती व कोषाध्यक्ष सिहान किशोर सिंह ने सयुक्त रूप से खेल किट एवं टी-शर्ट वितरण कर शुभकामनाएँ प्रदान कीं। अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनपद ऊधम सिंह नगर के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाली उत्तराखंड प्रदेश की जुजित्सू टीम का हिस्सा होंगे और अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाएंगे, ओर उन्होंने आगे कहा कि कोच ऋषि पाल भारती एवं किशोर सिंह की अगुवाई में राष्ट्रीय जु-जित्सू चैम्पियनशिप में खिलाड़ी देवभूमि का नाम रोशन करेंगे। महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया साई द्वारा मान्यता प्राप्त जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में दिनांक 30 मार्च से 2 अप्रैल 2024 तक मल्टीपरपस हाल, चौक स्टेडियम, लखनऊ मे नेशनल जु-जित्सू चौम्पियनशिप 2023-24 आयोजित की जा रही है। जिसमें भारत देश के 25 राज्यों के 200 से अधिक रैफरी एंड ऑफिशियल्स सहित लगभग 1500 से अधिक खिलाड़ी जु-जित्सू खेल के ने-वाजा, फाइटिंग, कॉन्टैक्ट, डूओ एंड शो इवेंट्स में अपना जौहर दिखाएंगे। इस प्रतियोगिता में जनपद उधम सिंह नगर के 49 खिलाड़ी सबजूनियर व जूनियर (बालिका/बालक) आयुवर्गो की स्पर्धाओं में अपना जौहर दिखाएंगे। जिसमें 20 बालिकाएं एवं 29 बालक शामिल है। टीम की कोच की भूमिका में संसेई किशोर सिंह, ऋषि पाल भारती, हिमा भट्ट एवं टीम मैनेजर बिना रंसवाल होंगी। इस अवसर पर जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव विनय कुमार जोशी, अध्यक्षा श्रीमति रसिका सिद्धीकी, एक्सक्यूटिव डायरेक्टर सतीश जोशी, देवेंद्र रावत, विनोद लखेरा, विजेंद्र चौधरी, डीएसओ उधम सिंह जानकी कार्की, जॉनी हिराम तिग्गा, शोभा तिग्गा,वसीम खान, शेखर सक्सेना, शंकर सिंह बसेरा, सुखदेव सिंह, राजीव राणा, विजय गिरधर, सतनाम चावला, ऐजे बटसर, साधना बटसर, रघु रावत, विक्रम सिंह, नरेंद्र सिंह, अपूर्व मनोहर सिंह, जगविंदर सिंह, अजय शर्मा, सहित अनेकों अभिभावक गण एवं सभी खेल संगठन के सदस्यों ने बधाई और शुभकामनाएं दी।



## राष्ट्रहित और समाज हित में नेत्रदान कर अमर हुए ओमप्रकाश गगनेजा

गदरपुर(उद संवाददाता)। जाते जाते नेत्रों का दान देश एवं समाज हित के लिए किया जाए ताकि इस दुनिया को देखने के लिए इंतजार कर रहे नेत्रहीनों को रोशनी मिल सके इससे बड़ी भी देश भक्ति क्या हो सकती हैं। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र गगनेजा के पिता ओमप्रकाश गगनेजा का 27 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया था निधन के उपरांत परिवार उनके पुत्र राकेश गगनेजा, विकास गगनेजा, बेटी गीता सुखीजा, दामाद किशन सुखीजा और भतीजे अनिल गगनेजा द्वारा उनकी इच्छानुसार नेत्रदान करवाए। गगनेजा परिवार ने दुख की इस घड़ी में समाज हित को सर्वोपरि रखा। दिवंगत ओमप्रकाश गगनेजा जाते जाते किन्ही दो लोगो के जीवन में रोशनी कर अमर हो गए। इस सराहनीय कार्य में राकेश भुडडी बंटी चिम्पु भुसरी, रमन चौधरी, चंकित हुड़िया,विक्की भुसरी, हरीश रहलन, निपुण गगनेजा, संजीव अरोड़ा संदीप चावला का योगदान रहा।



## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

गदरपुर(उद संवाददाता)।पिरामल फाउंडेशन और महिला एवं बाल विकास परियोजना आकांशी ब्लॉक गदरपुर द्वारा तृतीय बैच, सेक्टर गुल्लरभोज 1, स्थित बलरामनगर आंगनवाड़ी केन्द्र पर सही वजन और लम्बाई एवं ऊंचाई के लिए तथा पोषण ट्रैकर पर सही ढंग से डाटा भरने का प्रक्षिक्षण दिया गया। जीएमटी टूल स्टेडिओ मीटर,इंफेंटमिटर,साल्टर स्केल,वजन मशीन पर सही जानकारी गांधी फेलो निशा द्वारा दी गई प्रक्षिक्षण में 32 आंगनवाड़ी वर्कर्स ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर आकांशी ब्लॉक फेलो प्रेरणा रावत,सुपर वायसर राजकुमारी, डाटा ऑपरेटर उपस्थित रहे।



## बाबा तरसेम सिंह के हत्यारों की जल्द हो गिरफ्तारी: चावला

गदरपुर (उद संवाददाता)।गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की हत्या की निन्दा करते हुए व्यापार मंडल गदरपुर के महामंत्री संदीप चावला ने कहा कि बाबा तरसेम सिंह की दिन दीहाड़े हत्या बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। गदरपुर व्यापार मंडल प्रदेश सरकार से और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से मांग करता है कि इस घटना में जो भी अपराधी हैं उनको जल्द से जल्द सलाखों के पीछे डाला जाए और कठोर से कठोर सजा दी जाए। गदरपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ ,महामंत्री संदीप चावला, कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा ने बाबा तरसेम सिंह की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।



# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकाली साईकिल रैली

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह व नोडल स्वीप मनीष कुमार के निर्देशन में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु







विकास भवन से मतदान जागरूकता अभियान के अंतर्गत साईकिल रैली निकाली गयी। जिसको हरी झंडी दिखाकर नोडल स्वीप मनीष कुमार ने शहर भ्रमण के लिए रवाना किया। मतदाता जागरूकता साईकिल रैली विकास भवन से बस स्टैड, इन्दिरा चौक, अनाज मंडी, भगत सिंह चौक होते हुए वापस विकास भवन में समाप्त हुई। इस अवसर पर नोडल अधिकारी स्वीप मनीष कुमार ने कहा कि आगामी 19 अप्रैल को मतदान दिवस पर्व में अधिक से अधिक मतदाता जागरूक होकर मतदान करें यही साईकिल रैली का उदेश्य है। उन्होंने मतदाताओं का आवाहन करते हुए कहा कि सभी युवा, बुजुर्ग, महिला व पुरूष मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग आवश्यक करना है। उन्होंने कहा कि हमने मतदाता बूथों पर मतदाताओं हेतु सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं के लिए बूथो पर मतदान कराने हेतु सभी तैयारीयां की गई है। जो दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाता बूथ तक नहीं आ सकते है उनके लिए घर पर ही मतदान की सुविधा दी गई है। मतदान जागरूकता साईकिल रैली में पोस्टर ,बैनर, स्टीकर के साथ खेल विभाग, सनातन धर्म इंटर कॉलेज, ए0एन0झा0 जनता इंटर कॉलेज के बालक बालिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। समस्त बालक बालिकाओं ने चुनाव का पर्व देश का गर्व व सभी की भागीदारी सभी की पहचान ऊधमसिंह नगर करेगा मतदान आदि का संदेश देते हुए मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में शामिल युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। रैली में जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूध्द, जिला युवा कल्याण अधिकारी भूपेन्द रावत, खेल अधिकारी जानकी कार्की साहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

# जांच में सही पाये गये सभी प्रत्याशियों के नामांकन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन में गुरूवार को नामांकन स्कूटनी (संवीक्षा) के दिन 04 नैनीताल उधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र रिटर्निंग ऑफिसर उदयराज सिंह द्वारा सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार की मौजूदगी में नामांकन पत्रों की स्कूटनी (जांच) की गयी। सभी 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये। रिटर्निंग ऑफिसर उदयराज सिंह ने नामांकन पत्र स्कूटनी/जांच दौरान मौजूद प्रत्याशियों प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों की विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि सभी प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का अक्षरसह अनुपालन करना सुनिश्चित करें तथा रैली, वाहनों की पूर्व अनुमति ले व अनुमति पत्र को वाहन के मुख सीसे पर लगाना भी सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी टीमें पैनी नजर रखे हुये है इसलिए प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधि



प्रचार के दौरान आचार संहिता का अनुपालन करें व पेड, हेड न्यूज से बचें। उन्होने कहा कि निर्वाचन में प्रचार सम्बन्धित व्यय को निर्धारित पंजीका में नियमित अंकन करें व नियत तिथियों में व्यय प्रेक्षक को अवलोकन भी कराये। उन्होने कहा कि सभी प्रत्याशी पोलिंग व काउंटिग एजेन्ट को तैनात करते हुए उनकी सूची उपलब्ध करा दें तथा मत की गोपनियता बनाये रखे। उन्होने सभी प्रत्याशी प्रतिनिधियों से वेयर हाउस से ईवीएम लाने–लेजाने तथा ईवीएम स्ट्रांग रूम के निरीक्षण व रेंडमाईजेशन के दौरान उपस्थित रहने की अपील की। उन्होने कहा कि निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली सभी वस्तुए जैसे मदिरा, धन, बल अन्य सामाग्री पूर्णतह प्रतिबन्धित है व सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग भी पूर्णतह प्रतिबन्धित है इसलिए प्लास्टिक का उपयोग कतई न करें। उन्होने कहा कि प्रत्याशी को निर्वाचन से सम्बन्धित जिज्ञासा व शंका हो तो वे कन्ट्रोल रूम, सुविध ा एप व उनसे भी जानकारी ले सकते है। सामान्य प्रेक्षक गगनदीप ने कहा भी निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों का अनुपालन करते हुए सभी प्रत्याशी निर्वाचन की मर्यादा को बरकरार रखधें उन्होने कहा कि निर्वाचन से सम्बन्धित किसी प्रकार जानकारी या शंका हो तो वे उनसे फोन पर वार्ता भी कर सकते है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी/नोडल निर्वाचन मनीष कुमार, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मनीष बिष्ट आदि मौजूद थे।

# चैक बाउंस के आरोपी को छह माह का कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।एसीजेएम साहिसता बानों ने चैक बाउंस के आरोपी को 6 माह के कारावास और 1 लाख 70 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी ।पत्रकार प्रेमपाल गंगवार के अधिवक्ता सुरेन्द्र गिरधर ने बताया कि वीरपाल पुत्र श्री हरीश कुमार निवासी ग्राम दुगना मजरा पोस्ट शरीफनगर थाना देवरानियाँ तहसील बहेड़ी जिला बरेली (यूपी) ने प्रेमपाल से वर्ष 2019 में मकान बनवाने के लिए एक लाख पचास हजार रुपये उधार लिए थे और वापिस करने के लिए कुछ समय माँगा था ।कुछ माह बाद रूपये वापिस माँगे तो टालमटोल करने लगा बार बार तकादे करने पर वीरपाल ने एक लाख पचास हजार रुपये का एक चैक दिनांक 10.06.2019 का प्रेमपाल को दिया जिसको बैंक खाते में जमा कराया तो वह बाउंस हो गया ।जिसके बाद प्रेमपाल ने अपने अधिवक्ता के जरिए एक नोटिस वीरपाल को भेजा पर उसने रूपये नही दिये तो मजबूरन कोर्ट में मुकदमा दायर किया गया ।मुकदमा एसीजेएम/अपर सीनियर सिविल जज साहिसता बानों की कोर्ट में चला जिसमें परिवादी के अधिवक्ता सुरेन्द्र गिरध र ने गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद न्यायाधीश महोदय साहिसता बानों ने दोनों पक्षों की बहस सुनने व तथ्यों का परीक्षण करने के बाद आज गुरूवार को वीरपाल को 6 के कारावास और 1 लाख 70 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी साथ ही कहा कि जुर्माने की धनराशि में से 1 लाख 65 हजार रुपये प्रेमपाल को मिलेंगे और 5 हजार रुपये राज्य के पक्ष में जमा किए जायेंगे।

# उज्जवला योजना के उपभोक्ताओं का केवाईसी सत्यापन अनिवार्य

गदरपुर(उद संवाददाता)। केंद्र सरकार द्वारा जनहित में चलाई गई जनकल्याणकारी उज्जवला गैस कनेक्शन योजना के अंतर्गत गदरपुर गैस सर्विस के प्रबंधक कुँवर राम आर्य ने बताया कि इंडियन ऑयल के निर्देशों के क्रम में



वर्ष 2019 से पूर्व के सभी उज्जवला उपभोक्ताओं का केवाईसी किया जाना अनिवार्य हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक उज्जवला उपभोक्ताओं को गैस की रिफिल कराने के दौरान सब्सिडी के रूप में 315 खाते में प्राप्त हो रहे हैं उन्होंने कहा कि सब्सिडी का लाभ लेने एवं डिलीवरी सहित अन्य लाभ लेने के लिए ई–केवाईसी कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने समस्त उज्जवला कनेक्शन के लाभार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वह अपना आधार कार्ड लेकर स्वयं गदरपुर इंडेन गैस सर्विस से संपर्क करें या ग्रामीण क्षेत्रों में लगाएं जा रहे विशेष कैंपों में भी केवाईसी कराकर मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का पूर्व की भांति लाभ उठा सकते हैं।

# अजय भट्ट के कार्यक्रम को लेकर सौंपी जिम्मेवारियां

गदरपुर (उद संवाददाता)।31 मार्च को भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के होने वाले के कार्यक्रमों को लेकर विधानसभा संयोजक एवं गदरपुर विधायक अरविंद पांडे ने गदरपुर और केलाखेड़ा मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में तय किया गया कि गदरपुर मंडल में दो जगह कार्यक्रम गदरपुर नगर और सकेनिया में किया जाएगा इसके अतिरिक्त केला खेड़ा मंडल में तीन कार्यक्रम की किए जाएंगे। कार्यक्रमों की व्यवस्था की दृष्टि से विभिन्न कार्यकर्ताओं पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि नामांकन में जिस तरीके से भाजपा कार्यकर्ताओं ने और जनता ने उत्साह के साथ भाग लिया है यह निश्चित हो गया है कि भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट कम से कम 5 लाख से अधि क मतों से विजय होंगे ।उन्होंने इस बात



का भी भरोसा दिखाया कि गदरपुर विध ानसभा भी कम से कम 51000 वोटो से भारतीय जनता पार्टी जीतकर जाएगी। श्री पांडे ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि हमको किसी भी तरीके से अति आत्मविश्वास में नहीं रहना है यह सही है कि पूरे क्षेत्र में नरेंद्र मोदी के नाम की लहर चल रही है लेकिन हमारा लक्ष्य हर बूथ पर काम से कम 75% मतदान भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में करना है। 31 मार्च के कार्यक्रमों को लेकर जिन–जिन कार्यकर्ताओं पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है उनको निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी कार्यक्रम किसी भी दृष्टि से कमजोर नहीं रहना चाहिए। श्री पांडे ने कहा की जनता भारतीय जनता पार्टी को वोट देकर देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने के लिए तत्पर है हमको सिर्फ जनता के पास जाकर भाजपा और नरेंद्र मोदी की नीतियों के बारे में बताना है और अधिक से अधिक मतदान भाजपा के पक्ष में करना है ।बैठक में सुभाष गुंबर, अशोक हुडिया, कमलेंद्र सेमवाल, खेमानंद जोशी, राकेश भुडडी, सुरेश खुराना, महेंद्र कालरा, चेंकित हुड़िया, राजेश कुमार मिनी, राजू कंबोज, अभिषेक गुम्बर, राजेंद्र कोचर, सुरजीत, सोनू, अनिल जेटली, रोहित सुदामा, सनी बत्रा, सतीश मिड्डा , सतीश छाबड़ा, निर्मल नारंग, परमजीत सिंह, मनोज गुम्बर, रवि पाल, सूरजभान गुप्ता, हरलोक सिंह, वीर सिंह, पंडित बाबू लाल शर्मा, मनोहर शर्मा, राजू शर्मा, मोहन प्रधान, अमर पांडे, मानवेंद्र शुक्ला, हैप्पी सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित है।

# प्राचार्य शर्मिला व विभागाध्यक्ष तनुजा सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या शर्मिला सक्सेना व अर्थशास्त्र विभाग की शिक्षिका तनुजा परिहार को शिक्षा के क्षेत्र में दिए जा रहे सराहनीय योगदान के लिए स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या शर्मिला सक्सेना ने जब से कालेज में प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया है तब से कॉलेज में शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार हुआ है साथ ही कॉलेज की व्यवस्था में सुधार लाने के लिए भी वह सतत प्रयत्न शील हैं उनके साथ अर्थशास्त्र विभाग की गेस्ट फेकल्टी डॉ0 तनुजा परिहार का भी सराहनीय योगदान है उनके द्वारा व्यक्तिगत स्तर पर किये जा रहे प्रयासों की भी सराहना हो रही है। कुमाऊँ



केसरी के संपादक प्रदीप फुटेला व युवा व्यापारी नेता राकेश गुम्बर ने संयुक्त रूप से कॉलेज में जाकर डॉ0 शर्मिला सक्सेना व डॉ0 तनुजा परिहार को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान डॉ0 अशोक कुमार ,अर्चना वर्मा,प्रमोद वर्मा,,प्रभजोत कौर,रेनू, आदि समेत कई लोगमौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रत्याशी के लिए गठबंधन दलों की बैठक आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंडिया गठबंधन के दलों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमे नैनीताल उधमसिंहनगर लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कांग्रेस पार्टी के प्रकाश जोशी को भारी मतों से जिताने की अपील की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि इंडिया गठबंधन नैनीताल– उधम सिंह नगर लोकसभा में पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगा। इस क्रम में पूरे लोकसभा क्षेत्र में शीघ्र ही इंडिया गठबंधन के बैनर तले सभाओं का आयोजन किया जायेगा। वक्ताओं ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के मौजूदा बीजेपी सांसद का कार्यकाल बेहद निराशाजनक रहा है। उनके पांच साल के रिपोर्ट कार्ड में केवल एक उपलब्धि है कि वे अपनी सांसद निधि का पैसा तक जनता के लिए खर्च नहीं कर पाए। ऐसे सांसद



को यहां की जनता हराने और इंडिया गठबंधन को जिताने का मन बना चुकी है। बैठक में कांग्रेस के महासचिव नीरज तिवारी, भाकपा (माले) के जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय, आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव डीएस कोटलिया, भारत जोड़ो अभियान के डॉ रवि चोपड़ा, सद्भावना समिति के भुवन पाठक, सर्वोदय मंडल के इस्लाम हुसैन, देश की बात के देवेंदर कुमार, ऐक्टू प्रदेश महामंत्री केके बोरा, आप के अब्दुल कादिर, माले के डीएस मेहता, मंजू तिवारी, प्रभात पाल, श्रीकांत खंडेलवाल, अजय जोशी, नंदिनी शामिल रहे।

# कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष जानकी भाजपा में शामिल

## कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने जानकी कोहली व समर्थकों का किया स्वागत



सितारगंज (उद संवाददाता)। भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर महिला कांग्रेस की ब्लाकध्यक्ष जानकी कोहली, नगराध्यक्ष देवकी देवी, जिला उपाध्यक्ष गुरजीत कौर, जिला महामंत्री ज्ञानी देवी ने करीब 200 समर्थकों के साथ कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने उनका भव्य स्वागत किया इसके साथ ही भाजपा में आने पर पार्टी में सम्मान दिलाये जाने का आश्वासन दिया। शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के आवास पर महिला कांग्रेस की ब्लाकध्यक्ष जानकी कोहली ने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी को त्यागकर भाजपा में विश्वास जताया है। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि कांग्रेस में कार्यकर्ता को सम्मान नही मिलता है जबकि भाजपा में कार्यकर्ता को पार्टी की ही रीढ़ मानकर आगे बढ़ाया जाता है उन्होंने भाजपा में सम्मलित होने वाली महिलाओं का स्वागत किया कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश का विश्व में डंका बज रहा है उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर जुटने का आहान किया इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मंडल अध्यक्ष आदेश ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य उदय राना, पूजा, मुन्नी देवी, मीना बोरा, चरनजीत सिंह, रामकुमार, पंकज रावत मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय ऑल इंडिया वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू

रामनगर(उद संवाददाता)। गत वर्षों की भांति इस वर्ष से भी स्वर्गीय महेश चंद्र जोशी की स्मृति में देवभूमि स्पोर्ट्स क्लब कानिया के तत्वाधान में ग्राम कानिया स्थित रामलीला मैदान में शुक्रवार से तीन दिवसीय ऑल इंडिया वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत एवं ज्येष्ठ उप ब्लाक प्रमुख संजय नेगी ने संयुक्त रूप से करते हुए आयोजनों का आभार जताने के



साथ ही प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रही टीमों के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तो वही क्लब के आयोजक विपिन पांडे ने बताया कि आज प्रथम दिवस क्षेत्रीय टीमों के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगे तो वही शनिवार और रविवार को उत्तराखंड के अलावा अन्य राज्यों की टीम इस प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगे उन्होंने बताया कि रविवार को इस प्रतियोगिता का विधिवत रूप से समापन किया जाएगा वही आज शुरू हुई प्रतियोगिता में भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

# युवक पर जानलेवा हमला करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में घर के बाहर खड़े युवक पर तमंचे की बट व धारदार हथियारों के साथ हमला कर उस पर फायर झोंकने वाले हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दर्ज रपट में नितिन गंगवार



पुत्र देव कुमार गंगवार निवासी राजा कालोनी ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि 25 मार्च को दोपहर 3 बजे कुछ लड़के जिनका नाम ब्रजेश गुप्ता उर्फ मदारी, संजय चौहान, बिष्णु सागर, सोनू जूडी, यश चौहान, रोहित सरकार, बन्टी कोहली और अन्य अज्ञात इनके साथी जिन्होने पहले भी उसके मोहल्ले में किसी अन्य व्यक्ति के साथ मारपीट की थी और लगभग 20- 25 मिनट बाद वही लोग अपने और साथियो के साथ वहां आये। वह अपने घर के पास खड़ा था। उन लोगो का जिस व्यक्ति से पहले झगड़ा हुआ था उसको उसका साथी समझकर बुरी तरह लाठी डंडो व लात घूसों से मारा और सोनू जूड़ी ने सीधे तमंचे से उस पर फायरिंग कर दी। जिसकी गोली उसके कंधे के पास से निकल गयी। मेरे पडोस की शिवानी दीदी पुत्री रामपाल उसे बचाने लगी तो उस पर भी लाठी डण्डो व ईट पत्थरों से हमला किया। सभी हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। मारपीट में उसके शरीर पर चोटे आयी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ 31 मार्च से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वर्ग फार्म वाली देवी जी मां हंसेश्वरी भारती जी महाराज के पावन सानिध्य में आगामी 31 मार्च दिन रविवार से आदर्श कालोनी स्थित वैष्णवी शक्ति पीठ आश्रम में आगामी 7 अप्रैल तक श्री मद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्वामी श्री राजेन्द्र जी महाराज, स्वामी श्री धर्मदेव जी महाराज, संत श्री प्रेम निष्ठानंद जी महाराज व महंत श्री मनीष सलूजा जी महाराज आदि संत महापुरूष शामिल होंगे। 31 मार्च को दोपहर 3 बजे से भव्य कलश शोभा यात्रा वैष्णों देवी मंदिर से प्रारम्भ होगी। 1 अप्रैल से 7 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6.30 बजे तक कथा व्यास श्री राजवीर शास्त्री जी महाराज श्रीमद् भागवत कथा सुनायेंगे। 8 अप्रैल को प्रात: 10 बजे हवन एवं पूर्ण आहुति, 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक संत प्रवचन एवं दोपहर 1 बजे से जन्मोत्सव व भण्डारा आयोजित होगा। 16 अप्रैल दिन मंगलवार को दुर्गा अष्टमी के पावन पर्व पर रात्रि 10 बजे से विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन होगा। वैष्णों भजन मंडल, महंत श्री भजन प्रकाश अरोरा जी एवं पूर्व पार्षद कंचन, सतनाम सिंह ने सभी धर्म प्रेमी जनता से उक्त सभी कार्यक्रमों में सपरिवार शामिल होने का आग्रह किया है।

# बाबा तरसेम सिंह की हत्या की निंदा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा मे एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें डेरा गुरुद्वारा नानकमता साहिब के प्रमुख बाबा तरसेम सिंघ की अज्ञात तत्वों द्वारा हत्या की गई उसकी घोर निंदा की गई। वक्ताओं ने कहा कि ऐसा नही होना चाहिये था।शोक सभा मे मुख्य सेवादार स.रंजीत सिंघ, जगजीत सिंघ, नरेंद्रजीत सिंघ (रोडू), जगमीत सिंघ मीती, तजिंदर सिंघ, रविंदरपाल सिंघ, बलविंदर सिंघ, अमनपल सिंघ आदि कमेटी के सदस्य व अन्य संगत मौजूद रही।

# चीता पुलिस के जवानों ने 1.45 हजार रूपये की नकदी पकड़ी

बागेश्वर(उद संवाददाता)।आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत बागेश्वर पुलिस अलर्ट मोड पर है।पुलिस द्वारा जिले की सीमाओं सहित प्रत्येक थानों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहाहै।कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था, तभी गश्त में निकले कोतवाल कैलाश नेगी और चीता पुलिस के जवानों कोगरुड़ मोटर मार्ग में शोरगुल करते हुए दो युवक बाइक में जाते दिखे,जिसके बाद चीता पुलिस के जवानों ने बाइक सवार युवकों को रोककर पूछताछ की। तभी युवकों के पास मौजूद बैग की पुलिस टीम द्वारा तलाशी ली गई।जिसमें पुलिस टीम को तलाशी के दौरान युवकों के पास से एक लाख 45 हजार रुपए की नकद धनराशि मिली।जिसके बाद युवकों को कोतवाली लाया गया।जहां उनसे इस सम्बंध में पूछताछ की गई। पूछताछ में पुलिस द्वारा कपिल चिलवाल, और रोहित कोआदर्श आचार संहिता लगने, पैसे को कहा ले जाने का कोई उचित प्रमाण न देने व बरामद रुपयों को नियमानुसार कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की गई।धनराशि पकड़ने वाली टीम में कोतवाल कैलाश सिह नेगी ,चीता पुलिस के हेड कांस्टेबल सुरेश आर्या और गिरीश बजेली,चालक भुवन प्रसाद आदि मौजूद थे।

# युवती व बालिका संदिग्ध हालातों में हुई लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप शास्त्री नगर से एक ही परिवार की युवती व किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। नन्नी पत्नी राहिश अहमद निवासी वार्ड 12 शास्त्री नगर ट्रांजिट कैम्प का कहना हैं कि उसकी पुत्री साहिमा उम्र 17 वर्ष व पोती साजिया उम्र 7 वर्ष 17 मार्च को सायं लगभग 4 बजे बिना किसी



को बताऐ कही चली गई हैं। उसने घर के आस पास व रिस्तेदारो के पास भी दोनों के बारे में पूछताछ की परंतु उसकी पुत्री व पोती का कही पता नही लगा।

# प्रसव बाद हुई मौत पर जांच समिति गठित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत 8 फरवरी को प्रसव के बाद पौड़ी निवासी रेनू की रामनगर अस्पताल से सुशीला तिवारी आते वक्त मौत हो गई थी। इस संबंध में जांच हेतु जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल वंदना सिंह ने जांच समिति का गठन किया है। सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी ने कहा कि उक्त घटना के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कुछ कहना हो अथवा कोई प्रमाण /साक्ष्य प्रस्तुत करने हो, तो किसी भी कार्य दिवस में सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय हल्द्वानी में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते है। गौरतलब है कि 24 वर्षीय रेनू को प्रसव पीड़ा होने पर गांव में स्थित बीरोंखाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहॉ रेनू ने एक बच्ची को जन्म दिया। लेकिन रेनू की हालत बिगडने पर पौडी चिकित्सकों द्वारा रामनगर रेफर किया तथा रामनगर चिकित्सकों द्वारा सुशीला तिवारी चिकित्सालय में रेफर किया। रास्ते में प्रसूता की मौत हो गई थी।

## पेज एक का शेष...

**गुरूद्वारा प्रबंध कमेटी ...**गए। उक्त दोनों लोगों को बाबा जी पर गोली चलाते देख जसपाल सिंह पुत्र मंगल सिंह भागा तो उन लोगों द्वारा जसपाल सिंह को धमकाते हुए एक गोली और चलायी जो लंगर हाल के दरवाजे के उत्तरी पिलर में लगी। तभी लंगर के अहाते में मौजूद गुरुचरन सिंह उर्फ चन्ना पुत्र श्री हरदयाल सिंह निवासी ग्राम जगत थाना अमरिया जिला पीलीभीत उत्तर प्रदेश हीरा सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम ढकियाजलालपुर थाना करेली जिला पीलीभीत, महेन्दर सिंह पुत्र करतार सिंह निवासी ग्राम सुनपहर थारा खटीमां सभी हाल निवासी डेरा कार सेवा नानकमत्ता, देवेन्दर सिंह उर्फ मिन्टू बाबा जी की ओर दौडे। तहरीर में जसवीर सिंह ने आगे कहा कि वह डेरे में मौजूद बाबा जी के बैठने के स्थान से पूर्व दिशा में सामने की तरफ कमरे के दरवाजे में खड़े थे तथा निरवैल सिंह पुत्र कश्मीर सिह निवासी डेरा कार सेवा नानकमत्ता जो कि बाबा जी के बैठने के स्थान से पश्चिम की तरह लंगर हाल के गेट में खडे थे ने दोनों हमलावरों को ठीक से घटना घटित करते हुए सबने देखा है। उक्त दोनों हमलावर 19 मार्च 2024 से गुरुद्वारा परिसर में ही स्थित भाई मरदाना यात्री निवास नानकमत्ता के कमरा नम्बर 23 में ठहरे हुए थे। उसने व निरवैर सिंह ने इन दोनों हमलावरों को डेरा करा सेवा परिसर में दो दिन पहले भी घूमते हुए देखा था। इन दोनो हमलावरों में से एक ने यात्री निवास के यात्री रजिस्टर में अपना आधार कार्ड संख्या 732717430208 देकर अपना नाम सर्वजीत सिंह पुत्र स्वरूप सिंह निवासी ग्राम मियाविंड जिला तरनताराण (पंजाब) दर्ज कराया था। उक्त लोग सराय में बिना किसी निजी वाहन आए थे तथा उनके पास सराय में रहने के दौरान कोई हथियार भी नहीं देखा गया था। घटना के समय प्रयुक्त मोटरसाइकिल व हथियार किसी स्थानीय व्यक्ति ने साजिश के तहत उन्हें उपलब्ध करायी थी। घटना में दूसरा व्यक्ति जो मोटरसाईकिल के पीछ बैठा था, ज्ञात हुआ है कि उसका नाम अमरजीत सिंह उफ बिट्टु उर्फ गंडा पुत्र सुरेन्दर सिंह ग्राम सिहौरा थाना बिलासपुर जिला रामपुर है। बाबा तरसेम सिंह डेरा कार सेवा गुरुद्वारा साहिब की संपति को खुर्द -बुर्द होने से रोकते थे, इसी कारण तराई महासभा के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह संधू पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम खेमपुर थाना गदरपुर तथा गुरुद्वारा प्रबंध समिति के प्रधान हरबंश सिंह चुघ पुत्र रंजीत सिंह चुघ निवासी गदरपुर तथा बाबा अनूप सिंह पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम नवाबगंज थाना विलासपुर जिला रामपुर की भूमिका इस हत्या के संबंध में पूरी तरह संदिग्ध है। प्रीतम सिंह संधू के विरुद्ध रक्षपाल सिंह द्वारा पूर्व में आत्महत्या के लिए उकसाये जाने का मुकदमा लिखाया था जिसमें बाबा तरसेम सिंह, रक्षपाल सिंह की मदद कर रहे थे। इस घटनाक्रम की साजिश में बाबा अनूप सिंह, प्रीतम सिंह संधू व हरवंश सिंह चुघ के अलावा अन्य कई लोग भी शामिल हो सकते हैं। तहरीर में कहा गया है कि घटना से लगभग पांच दिन पहले फतेहजीत सिंह खालसा निवासी ग्राम विलहरा थाना अमरिया ज0 पीलीभीत द्वारा अपने फेसबुस पेज से एक पोस्ट डाली थी जो गुरूमुखी में थी। उक्त फतेह सिंह भी उपरोक्त अंकित लोगों का ही साथी है। यह संदेह है कि यह भी बाबा तरतेम सिंह की हत्या के षडयंत्र में शामिल हो सकता है। इस पोस्ट से ऐसा प्रतीत होता है कि यह बाबा जी की हत्या के सबंध में की गई है । पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच लोगों को नामजद करते हुए केस दर्ज किया है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**शूटरों की हुई पहचान..**और चलती बाइक से बाबा तरसेम सिंह को दो गोली मारने के बाद आसानी से फरार हो गये। पूरी घटना का फुटेज सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गया था जिसके बाद पुलिस ने इसी फुटेज के आधार पर जांच आगे बढ़ायी और बदमाशों की पहचान की। एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने शुक्रवार को घटना के सम्बंध में अपडेट देते हुए पत्रकारों से कहा कि यह घटना हत्या तो है ही साथ ही अमानवीय घटना भी है। उन्होंने कहा कि दोनों शूटरों की पहचान कर ली गयी है। घटना के खुलासे के लिए डीजीपी खुद पुलिस टीमों की मानीटरिंग कर रहे हैं और लगातार पूरे मामले में नजर बनाये हुए हैं। घटना के खुलासे के लिए पुलिस की दस टीमों टीमों के साथ ही एसओजी, एसटीएफ,एडीटीएफ की भी कई टीमें भी लगायी है। इन टीमों में तेजर्रार एसओ,एसएचओ ओर सीओ को शामिल किया गया है। साथ ही पंजाब पुलिस और अन्य एजेंसियों की भी मदद ली जा रही है। एक सवाल के जवाब में एसएसपी ने कहा कि एक फेस बुक आईडी से किसी ने हत्या की जिम्मेवारी ली है लेकिन पुख्ता तौर पर यह नहीं कहा जा सकता है कि फेसबुक आईडी से जिसने जिम्मेवारी ली है वह सही है। इसकी भी तकनीकी रूप से जांच की जा रही है। पुलिस टीमें बदमाशों तक पहुंचने के लिए पांच राज्यों में काम कर रही है। एसएपी ने बताया कि हत्या को अंजाम देने वाले दोनों ही बदमाश हिस्ट्रीशीटर हैं इनमें से एक पंजाब के तरणतारन जिले से हैं। वहां पर उसका आपराधिक इतिहास रहा है। कई बार वह जेल जा चुका है। फिलहाल वह करीब तीन महीने पहले ही जेल से छूटकर आया है। दूसरा बहेड़ी का रहने वाला है उस पर हत्या और बैंक डकैती का भी आरोप है। दोनों के अपराधिक इतिहास को अभी खंगाला जा रहा है। एसएसपी ने कि तरसेम सिंह हत्याकाण्ड के पीछे असल मकसद क्या है इसकी तह तक जाने के लिए पूरे प्रयास किये जा रहे हैं। जल्द ही पुलिस इस पूरे मामले का खुलासा करेगी।

**हत्या के बाद सोशल मीडिया पर...**की विभिन्न टीमें हत्यारों को पकड़ने के लिए पूरी ताकत झोंके हुए है एसएसपी डा मंजूनाथ टीसी ने हत्याकांड के खुलासे के लिए आधुनिक, पारम्परिक तरीकों से जांच को तेज कर दिया है वहीं हत्याकांड के कुछ घंटे बाद सोशल मीडिया पर डेरा प्रमुख की हत्या को लेकर संदिग्ध ने जिम्मेदारी लेते हुए पोस्ट वायरल की है वायरल पोस्ट में दोनों शूटरों ने बाइक, बंदूक के साथ फोटो अपलोड किया है जिसमें डेरा प्रमुख से पुरानी खुन्नस का हवाला दिया गया है हालांकि पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।

**लालकुंआ में कांग्रेस...**कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल को भेजे गए त्यागपत्र में नगर कांग्रेस के अध्यक्ष सरदार गुरदीप सिंह ने व्यक्तिगत कारण के चलते पद एवं पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने की बात कही है। पिछले 20 वर्षों से कांग्रेस पार्टी में सक्रिय एवं 17 वर्षों से लगातार लालकुआं नगर कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर काबिज सरदार गुरदीप सिंह ने अपनी व्यक्तिगत वजह का हवाला देते हुए पद के साथ-साथ प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा देने की घोषणा की है। सरदार गुरदीप सिंह के इस्तीफा देने के चलते लालकुआं विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में हड़कंप मच गया है।

**पत्नी से झगड़े...**दोनों के बीच कई बार झगड़ा भी हुआ। उसने बताया कि पुत्र ज्ञानप्रकाश के पूर्व से शादीशुदा एक अन्य महिला से भी सम्बंध थे वह महिला भी यहां पर ही रहती थौ। लेकिन घटना के बाद वह घर से भाग गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो जायेगा। इधर ज्ञानप्रकाश की मौत को लेकर क्षेत्र में कई चर्चाऐं जोरों पर हैं।

**सेंचुरी पेपर मिल...**शोक की लहर दौड़ गयी। सीईओ विजय कोल के पार्थिव शरीर को महाराष्ट्र बड़ोदरा ले जाया जा रहा है। उनके निधन से जहां मिल कर्मचारियों में शोक की लहर है। वहीं आसपास के क्षेत्र वासियों ने भी गहरा दुख व्यक्त किया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड से गमगीन हुआ माहौल, भावुक हुए धामी







## बाबा तरसेम सिंह का गरीबों और इस क्षेत्र के लिए बहुत बड़ा योगदान : सीएम
## घर छोड़ आठ वर्ष की उम्र में तरसेम सिंह बाबा फौजा सिंह ने बनाया था सेवादार

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। नानकमत्ता में हुए डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्याकांड से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। सीएम पुष्कर सिंह धामी एवं केंद्रीय राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट ने गुरूवार को हुए सनसनीखेज हत्याकांड के बाद सायं नानकमत्ता पहुंचकर गुरुद्वारा नानकमत्ता के कार सेवा डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सीएम धामी भी भावुक हो गए। सीएम धामी बाबा हरबंस सिंह के कार सेवा ऑल इंडिया डेरा प्रमुख बाबा बच्चन सिंह से मिलकर भावुक हुए। सीएम धामी ने कहा कि बाबा तरसेम सिंह की हत्या बहुत ही दुखी घटना है। बाबा तरसेम सिंह का इस क्षेत्र के लिए बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने गरीबों के लिए कई प्रकार की समाज सेवा की है। उन्होंने कहा हत्यारोपी कहीं भी छिपे होंगे, उन्हें खोजा जाएगा और कानूनी कार्रवाई के तहत उन्हें सजा दिलाई जाएगी। वहीं नानकमत्ता गुरूक्षरे के डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह को अंतिम दर्शन के लिए गुरूद्वारा परिसर में रखा गया हैं जहां जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से सिख समाज के लो अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। बता दें कि 28 मार्च की सुबह करीब 6.30 बजे बाबा तरसेम सिंह की डेरे के बाहर बाइक सवार दो बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी गठित कर दी गई है। गौरतलब है कि आठ वर्ष की आयु में बाबा तरसेम सिंह ने घर परिवार छोड़ डेरे की सेवा का व्रत लिया था। डेरा कार सेवा के संत बाबा फौजा सिंह ने उन्हें दीक्षा दी। धार्मिक डेरा कार सेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह का जन्म 1968 में उत्तर प्रदेश के जिला शाहजहांपुर के एक गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम बिरसा सिंह और माता का नाम प्रीतम कौर था। तरसेम सिंह चार भाइयों में सबसे बड़े थे। जन्म के बाद उनका परिवार खटीमा तहसील के गांव रतनपुर जसारी में आकर बस गया। 1974 में धार्मिक डेरा कार सेवा की स्थापना के बाद डेरे के संत बाबा फौजा सिंह तरसेम सिंह को उनके पिता से ले आए। तरसेम सिंह डेरे के जत्थेदार बाबा टहल सिंह के शिष्य बन गए। डेरे में रहते हुए ही उन्होंने गुरु नानक इंटर कॉलेज नानकमत्ता में 12वीं तक की शिक्षा ग्रहण की। तरसेम सिंह पढ़ाई के साथ डेरे में संगत की सेवा भी करते थे। बृहस्पतिवार को बाबा तरसेम सिंह की हत्या की सूचना मिलने पर उनके छोटे भाई जोगिंदर सिंह, दर्शन सिंह व परमजीत सिंह अपने ताऊ के लड़के सतनाम सिंह के साथ डेरे पहुंचे थे। सतनाम सिंह ने बताया कि परिजनों ने उनका रिश्ता पंजाब के जालंधर में तय कर दिया था लेकिन तरसेम सिंह ने विवाह से इन्कार करते हुए कहा कि वह अपना जीवन संगत और समाज की सेवा के लिए समर्पित करेंगे। वहीं बाबा तरसेम सिंह की हत्या से काशीपुर सहित समूचे तराई क्षेत्र में शोक की लहर है। काशीपुर में नानकमत्ता गुरुद्वारे की मदद से श्रीगुरुनानक इंटर कॉलेज, श्रीगुरुनानक बालिका इंटर कॉलेज समेत तीन शिक्षण संस्थाएं संचालित की जा रही है। बाबा तरसेम सिंह का काशीपुर से काफी लगाव था। कभी अपने शिक्षण संस्थानों तो कभी अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने आते रहते थे। बाबा इसी महीने काशीपुर के गौराया पेपर मिल में संपन्न हुए तीन दिवसीय गुरुमत संत समागम में भाग लेने के लिए काशीपुर आए थे। यहां उन्होंने सभी संतों से मुलाकात की थी। सीएम पुष्कर सिंह धामी और सांसद अजय भट्ट से भी उनकी मुलाकात हुई थी। प्रधानाचार्य सुरुचि सक्सेना ने बताया कि इस दौरान उनका स्कूल में भी आने का कार्यक्रम था लेकिन समय की व्यस्तता के चलते आ नहीं सके थे। बाबा तरसेम सिंह तीनों शिक्षण संस्थाओं की प्रबंध समिति के अध्यक्ष थे। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुरुचि सक्सेना ने बताया कि बाबा तरसेम सिंह की हत्या की खबर मिलते ही तीनों स्कूलों में शोकसभा का आयोजन कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई। शोक सभा के बाद छुट्टी घोषित कर दी गई। उन्होंने कहा कि बाबा तरसेम सभी की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते थे। उन्होंने कई बच्चों की फीस माफ कराई थी। उनके पास मदद को जो भी गया, किसी को भी उन्होंने निराश नहीं लौटाया।

## दिनदहाड़े खुली चुनौती दे गए बेखौफ हत्यारे

नानकमत्ता। बाबा तरसेम सिंह की हत्या को बदमाशों ने जिस तरह अंजाम दिया, उससे साफ पता चलता है बदमाशों में पुलिस का खौफ नहीं रह गया। घटनास्थल के हाइवे के निकट होने के साथ ही कुछ दूरी पर नानकमत्ता पुलिस थाना भी है। इसके बावजूद सशस्त्र बदमाशों ने चेहरे पर बगैर नकाब लगाए दिनदहाड़े हत्याकांड को अंजाम दिया। बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस नाम और चेहरे से एक बदमाश को पहचानने का दावा कर रही है। इसके आधार पर पुलिस शीघ्र ही दोनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने की बात कह रही है लेकिन पुलिस के इस दावे में कितनी सच्चाई है यह भविष्य में गर्त में छिपी है। बता दें कि इससे पूर्व खटीमा में भारामल मंदिर के महंत श्री हरिगिरि महाराज, सेवादार रूप सिंह बिष्ट के हत्याकांड के खुलासे में भारी जनदबाव के बावजूद पुलिस ने 24 दिन लगा दिए थे। हालांकि पुलिस का कहना था ब्लाइंड केस होने के कारण खुलासे में देरी हुई थी। इस बार बाबा तरसेम सिंह की हत्याकांड पर डॉ. मंजूनाथ टीसी का कहना है कि इस हत्याकांड में जिस युवक का नाम सामने आ रहा है, वह इस तरह की कुछ घटनाओं को अंजाम दे चुका है। फरार दोनों हत्यारोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सुरक्षा नहीं मिलने पर उठ रहे हैं गंभीर सवाल

नानकमत्ता। नानकमत्ता में हुए डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्याकांड की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने डेरा प्रमुख तरसेम सिंह की हत्या की घटना की निंदा की। उन्होंने जिले की पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए एसएसपी को हटाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिले में आपराधिक घटनाओं का ग्राफ बढ़ रहा है। साथ ही हत्याकांड का शीघ्र खुलासा करने की मांग की। गौरतलब है कि धार्मिक डेरा कार सेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह ने शासन-प्रशासन से अपनी जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा मांगी थी। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने इससे अनभिज्ञता जताई है। सवाल ये उठता है कि उन्होंने सुरक्षा की गुहार कहां लगाई, जिसने उनकी गुहार को अनसुना कर दिया। बाबा तरसेम ने करीब 23 दिन पहले धर्म विरोधी असामाजिक तत्वों से जान का खतरा बताते हुए शासन-प्रशासन से सुरक्षा की मांग की थी। उनका कहना था कि उनके नाम पर कोई भी निजी संपत्ति नहीं है, जो संपत्ति है, वह डेरा कार सेवा के नाम पर है। प्रमुख सेवादार होने के नाते वह देखभाल करते हैं। वह न कोई संपत्ति खरीद सकते हैं और ना ही बेच सकते हैं। धर्म विरोधी लोग निजी स्वार्थ के चलते उन आरोप लगाते रहे हैं। उनकी सुरक्षा के लिए कोई सुरक्षा कर्मी तैनात नहीं थे।

## चेक बाउंस के दोषी को छह महीने का कारावास की सजा और एक लाख 70 हजार रुपये जुर्माना

रुद्रपुर। न्यायालय ने चेक बाउंस के दोषी को छह माह का कारावास और एक लाख 70 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अधिवक्ता सुरेन्द्र गिरधर ने बताया कि वीरपाल निवासी ग्राम दुगना मजरा पोस्ट शरीफनगर थाना देवरानियां तहसील बहेड़ी, जिला बरेली ने प्रेमपाल से वर्ष 2019 में मकान बनवाने के लिए एक लाख पचास हजार रुपये उधार लिए थे। कुछ माह बाद प्रेमपाल ने रुपये वापस मांगे तो वीरपाल टालमटोल करने लगा। कई बार तकादा करने पर वीरपाल ने 10 जून 2019 तारीख का एक लाख पचास हजार रुपये का एक चेक प्रेमपाल को दिया था। जब प्रेमपाल ने चेक बैंक खाते में जमा किया तो वह बाउंस हो गया। इसके बाद प्रेमपाल ने नोटिस वीरपाल को भेजा था लेकिन वीरपाल ने रुपये नहीं लौटाए। इस पर उसने न्यायालय में वाद दायर किया था। एसीजेएम/अपर सीनियर सिविल जज साहिस्ता बानो की अदालत में मामले की सुनवाई हुई थी। सुरेंद्र ने बताया कि उन्होंने गवाह और सबूत पेश कर वीरपाल पर आरोप सिद्ध कर दिया। न्यायाधीश साहिस्ता बानो ने दोनों पक्षों की बहस सुनने व तथ्यों का परीक्षण करने के बाद वीरपाल को छह महीने के कारावास और एक लाख 70 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अदालत ने आदेश में कहा है कि जुर्माने की धनराशि में से एक लाख 65 हजार रुपये प्रेमपाल को मिलेंगे और पांच हजार रुपये राज्य के पक्ष में जमा किए जाएंगे।

## अवैध शराब के साथ तस्कर दबोचा

गदरपुर (उद संवाददाता)। अवैध कच्ची शराब की तस्करी में लिप्त एक तस्कर को पुलिस ने 25 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। नशे का कारोबार करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस ने कलकत्ती खानपुर तिराहे से कलकत्ती को जाने वाले रास्ते पर मलूक सिंह पुत्र चानन सिंह निवासी ग्राम कलकत्ता थाना गदरपुर को एक सफेद प्लास्टिक के कट्टे में 25 पाउच अवैध शराब खाम के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उपनिपरीक्षक नरेन्द्र कुमार, कानि0 जीवन फुलेरा शामिल रहे।




